an>

Title: Need to accord sanction to various developmental programmees in naxal affected Vaishali district of Bihar.

श्री रामा किशोर सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय सदन में उठाने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभारी हूं।

महोदया, अभी हाल में माननीय प्रधानमंत्री जी का छत्तीसगढ़ के दांतेवाड़ा में जाना, वहां एक रैली को सम्बोधित करना और 24,000 करोड़ रुपये के एमओयू करना आदि सराहनीय पहल हैं। दूसरी ओर प्रधानमंत्री जी के दौरे से पूर्व नक्सलियों द्वारा 1200 से अधिक ग्रामीणों को अगवा करना और प्रधानमंत्री जी के जाने के बाद उनमें से एक की हत्या करना देश के लिए एक दुखद त्रासदी है, क्योंकि एक ओर हम विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं तो दूसरी ओर कुछ मुट्ठी भर लोग विनाश की ओर अग्रसर हो रहे हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने रात में ही पुलिस को सूचना दी, लेकिन विवश पुलिस द्वारा कोई सहायता न की गयी। दौरे के पूर्व रेल पटरी उखाड़ना, पुल निर्माण स्थल पर कंस्ट्रक्शन कंपनी की मशीनों में आग लगाने की घटना और कार्यस्थल पर तैनात 17 कर्मचारियों का अपहरण आदि घटनाएं काफी गंभीर विषय हैं। हमारा संसदीय क्षेत्र वैशाली भी उग्रवाद प्रभावित है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि जिन लोगों ने हथियार उठा लिए हैं, उन लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाएं और वहां पर विकास के कार्यों में तेजी लाई जाए। हमारे क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों के सम्पादन के लिए सरकार द्वारा विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।